Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 12-05-2023 अंक 565

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com


## न्यूज ब्रीफ

### अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता प्रतियोगिता के प्रतिभागी किए गए पुरस्कृत



**अपेम लाइव : विष्णुगढ**

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के बीच शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय में चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड जैव विविधता परिषद, रांची एवं जन जागरण केंद्र के तत्वाधान में बीते गुरुवार को किया गया था। जिसमें कक्षा आठ से बारहवीं तक की छात्राएं शामिल हुए थे। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 11 की बबीता कुमारी प्रथम, अंजली कुमारी द्वितीय, कक्षा आठवीं की पूनम सिंह घटवार तृतीय, कक्षा 11 की सलेहा खातून चतुर्थ तथा कक्षा 9 की सुनीता कुमारी पांचवें स्थान पर रही। वहीं, चित्रांकन प्रतियोगिता में कक्षा 8 की प्रीति मरांडी प्रथम, कक्षा 11 की कांति कुमारी व मधु कुमारी क्रमशः द्वितीय, तृतीय, कक्षा 8 की बेबी कुमारी चतुर्थ तथा उसी कक्षा की अंजू कुमारी पांचवें स्थान पर रही। प्रथम विजेता को छोड़कर सभी विजेताओं को जन जागरण केंद्र के सदस्य चितरंजन महतो, विशाल कुमार, धीरज सोनी, वार्डेन सुनीता गुप्ता समेत शिक्षकों ने पुरस्कृत किया। बताया गया कि दोनों प्रथम विजेताओं को 22 मई को रांची में जैव विविधता पार्षद में सम्मानित किया जाएगा।




# विजैया में श्री श्री 1008 शिव परिवार, हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर निकला कलश यात्रा

## कथावाचिका राघवप्रिया का प्रत्येक संध्या संगीतमय कथावचन की है व्यवस्था





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


बिजैया में नव निर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शिव परिवार, हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाला गया। जिसमे हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला शामिल होकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। गाजे बजे के साथ श्रद्धालू कलश लेकर तिलैया डैम पहुंचे और वहां से पवित्र जल भरकर ग्राम भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पहुंचे और विधि विधान के साथ यज्ञ मंडप में कलश स्थापित की। कलश स्थापना को लेकर सारी विधि विधान शत्रुधन पांडेय यज्ञाचार्य के द्वारा किया गया। इस अवसर विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा की यज्ञ, हवन , पूजा पाठ से वातावरण शुद्ध होता है। नकारात्मक ऊर्जा खत्म कर सकारात्मक ऊर्जा की उत्पति होती है। अयोजनकर्ता ने बताया की कथावाचिका राघव प्रिया के द्वारा प्रत्येक संध्या कथा प्रवचन किया जायेगा। मौके पर वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला, विश्वनाथ महतो, रंजीत कुमार, सुरेश कुशवाहा, रघु मोदी, रविभूषण प्रसाद, केदार महतो, नंदकिशोर प्रसाद, रामकिशुन महतो, रविन्द्रकिशोर वर्मा, सुनिल कुमार, तुलसी महतो, सत्येन्द्र प्रसाद, अरुण कुमार, गिरधारी महतो, लालो महतो, नन्कु महतो, त्रिलोकी महतो,रामा महतो, रामजीत कुमार आदि सैकड़ो लोग शामिल थे।

APEM LIVE

# 96.8 % अंक लाकर विद्या केसरी बनी 10 वीं बोर्ड में डीएवी टॉपर,आयुष कुमार (95.8%)दूसरे स्थान पर

## डीएवी स्कूल के 10 वीं सीबीएसई बोर्ड में शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने पाई सफलता

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




सीबीएसई की दसवीं की परीक्षा में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के छात्र छात्राओं ने अपना परचम लहराया। विद्या केसरी 96. 8%, अंक लाकर डीएवी टॉपर रही। वही टॉप टेन में आयुष कुमार 95.8%, अमन आर्या 95.6%, ईशान कश्यप और ओम कुमार शिक्षार्थी 95.2% , सुजल कुमार गुप्ता 94. 4%, विधि सिंह और गौरव राज 94.2%, अमर कुमार और प्रिंस कुमार 93%, संजीवनी शेखर 92.4%:, यूनिक कुमार सिंह 91. 8%, प्रिया कुमारी 91. 6%, सृष्टि श्रेया 90.8%, स्वाति कुमारी, आदर्श राज, प्रियांशु कुमार 90.6% लॉकर विद्यालय में अपना शीर्ष स्थान बनाया। सीबीएसई की सत्र 22-23 की दसवीं की परीक्षा में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही से कुल 211 छात्र शामिल हुए थे ।जिसमें उनका परिणाम शत प्रतिशत रहा। अंग्रेजी में विधि सिंह ,गौरव राज 94, हिंदी में ओम कुमार शिक्षार्थी 97 ,संस्कृत में विद्या केसरी, अमन आर्या 98 ,गणित में विद्या केसरी, आयुष कुमार 99 ,विज्ञान में सुजल कुमार गुप्ता 99, सामाजिक अध्ययन में ईशान कश्यप 100, संगणक में विधि सिंह 98 अंक लाकर विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राएं बने। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने सफल प्रतिभागियों के भविष्य की मंगल कामना करते हुए कहा कि इनका आने वाला वक्त इनकी मेहनत के बल पर और भी बेहतर होगा। डीएवी पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर करे सख्त कार्रवाई : डीसी

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई बैठक में जिले में हुए सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर चर्चा की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि नियमित वाहनों की जांच करें एवं नियम का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें।इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सड़क सुरक्षा के तहत बनाए गए नियमों का पालन करना अनिवार्य है। बैठक में उपायुक्त ने हिट एंड रन मामलों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।जिला परिवहन पदाधिकारी ने चिन्हित ब्लैक स्प०ट की जानकारी साझा करते हुए बताया कि जिलांतर्गत 03 ब्लैक स्पॉट चिन्हित हैं जिसमें सीकनी( मेडिकल स्कूल के नजदीक), डेढ़टगवा घाटी , नामुदाग ( कब्रिस्तान के पास)। उपायुक्त ने सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट में दुर्घटना रोकने के लिए अविलम्ब आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। वहीं परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी तथा विभिन्न थाना प्रभारियों को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाकर नियमानुसार जुर्माना करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने जांच में हेलमेट ना पहनने, गाड़ी के कागजात समेत शराब पीकर गाड़ी चलाने की भी जांच करने तथा कारवाई करने का निर्देश दिया गया।बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, परियोजना निदेशक, आइटीडीए विदेश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिक.ारी लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पंचायत स्तरीय चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन, बच्चे पुरस्कृत

### भाषण प्रतियोगिता में अनंत कुमार एवं चित्रकला प्रतियोगिता में विकास किस्कू ने मारी बाजी





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत बसरिया पंचायत भवन में स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर पंचायत स्तरीयचित्रकला व भाषण प्रतियोगिता किया गया। इस प्रतियोगिता में पंचायत मे संचालित बसरिया, माधोपुर, कारी माटी, धुरगडगी, जरहिया, छोटकी केवाल के सरकारी स्कूल के बच्चे इस में कार्यक्रम में भाग लिए। भाषण प्रतियोगिता में अनंत कुमार प्रथम , पुष्पा कुमारी, द्वितीय एवं रेशमा खातून तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में विकास किसकू प्रथम, रितलाल टुडू द्वितीय एवं इबरार अंसारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुखिया नीलम देवी के द्वारा बुक, स्टेशनरी , इंस्ट्रूमेंट बॉक्स,एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुखिया नीलम देवी ,पंचायत सचिव नामधारी महतो, स्वंय सेवक सिकेंद्र पंडित,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, समाजसेवी नागेश्वर रजक, छोटन गोप, बेसिक स्कूल पंचमाधव के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय दुबे, शिक्षक मनोज घोष, सुनील यादव, सुखदेव प्रसाद यादव, प्रेम कुमार, चंद्रकांत अकेला, शकुंतला कुमारी , जय कांत सिन्हा, बिंदिया देवी,सतीश कुमार यादव, दामोदर साव, वीरेंद्र कुमार सरफराज खान , विरेंद्र कुमार, डीलेश्वर दास एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## शत प्रतिशत रहा रॉयल ऑर्चिड इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई 10 वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम

### 95 प्रतिशत अंक लाकर धीरज कुमार रहा स्कूल टॉपर, 76 विद्यार्थियों ने पाई प्रथम श्रेणी से सफलता

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




सीबीएसई बोर्ड की ओर से आयोजित 10 की बोर्ड परीक्षा में सीबीएसई मान्यता प्राप्त रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत सफलता पाई है। परीक्षा में शामिल सभी 106 विद्यार्थी उतीर्ण हुए हैं। इसमें 76 प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। 95 प्रतिशत अंक लाकर धीरज कुमार विद्यालय ट०पर हुए हैं। इसके साथ ही ट०प टेन में हरीओम प्रसाद 91 प्रतिशत, अभिनव कुमार पांडेय 90 प्रतिशत, बंटी कुमारी 85 प्रतिशत, रितिका कुमारी 85 प्रतिशत, प्रीमियम भारती 84 प्रतिशत, रौशन कुमार 80 प्रतिशत, शिवम प्रजापति 80 प्रतिशत, रघुबीर कुमार 79 प्रतिशत, सुमन यादव 79 प्रतिशत के साथ सफलता प्राप्त किया। प्रथम श्रेणी 76 विद्यार्थी एवं द्वितीय श्रेणी 30 ने सफल हुआ। बेहतर रिजल्ट एवं शत प्रतिशत सफलता पर रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य अनूप कुमार सिंह ने इसके लिए दसवीं शिक्षक अलोक कुमार, अनुप कुमार सिंह,संजय रविदास, सुभाशीष पैइन, पंकज कुमार, सूरज ठाकुर, प्रशांत कुमार को श्रेय देते हुए उन्हें बधाई दी है। कहा की स्कूल प्रबंधन की गाइड.ेस एवं बच्चो की मेहनत का ही परिणाम है की बच्चो ने बेहतर रिजल्ट किया। बेहतर परिणाम पर संतोष व्यक्त करते हुए शिक्षक अलोक कुमार, संजय रविदास, सुभाशीष पैन, पंकज कुमार,पवन यादव, प्रशांत कुमार, सूरज ठाकुर, शरोंन थॉमस, सुनील पाण्डेय, लक्ष्मी कुमारी, इंदु गुलाब चंद, शिव पाठक, रीता कुमारी, मुजीबूर रहमान, उषा देवी बच्चो की उज्ज्वल भविष्य ले कामना की है।

## बरही प्रखंड मैदान में आज से होगी सात दिवसीय अर्जुन केशरी मेमोरियल क्रिकेट सीरीज का अयोजन

### अंडर 14 एवं अंडर 16 के खिलाड़ी लेंगे भाग, तैयारी को लेकर बीएसए की बैठक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड मैदान में शनिवार से सात दिवसीय अर्जुन प्रसाद केसरी मेमोरियल क्रिकेट सीरीज का अयोजन किया जाएगा। क्रिकेट सीरीज की जानकारी देते हुए बीएसए संरक्षक अब्दुल मन्नान वारसी ने बताया कि यह टूर्नामेंट बरही के गल्ला व्यावसायी मनोज केशरी के पिता स्व अर्जुन प्रसाद केसरी के स्मृति में आयोजित किया जा रहा है।इस खेल में अंडर 14 एवं अंडर 16 के खिलाडी भाग लेंगे। यह खेल 13 मई से लेकर 26मई तक खेला जाएगा। इस मैच में चार टीमें भाग लेंगी जिसमें अंडर 16 सीरीज के मैच मई,13,15,17,19,21,23 एवं 25मई को बीएसए बरही के साथ यूनियन स्पोर्ट्स क्लब तिलैया के बीच पैनल खेला जाएगा। वहीं अंडर 14 का सीरीज मैच मई,14,16,18,20, 22,24एवं 26मई को बीएसए बरही एवं विनित स्पोर्ट्स क्लब तिलैया को बीच खेला जाएगा। मैच की तैयारी को लेकर बीएसए संरक्षक अब्दुल मन्नान वारसी की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक की गई। जिसमें सर्वसम्मति से संचालन समिति का गठन किया गया जिसमें नौशाद आलम,बलराम केशरी, धर्मपाल केशरी, रोहित सिंह, मणितोश यादव, रौशन राणा, मिनु खान,भवानी साव, शिवकुमार ठाकुर, अनिल रजक, संतोष शर्मा, कुलदीप कुमार एवं बसंत ठाकुर को सदस्य के रूप में चयन किया गया। अयोजन समिति के अध्यक्ष नौशाद आलम को बनाया गया।

## विज्ञान में मो अल्तमश रजा 93.4% और कॉमर्स में मोनिका केसरी 90.2% लाकर बनी विद्यालय टॉपर

### सीबीएसई 12वीं में डीएवी स्कूल बरही के विद्यार्थियों ने लहराया परचम, प्राचार्य एवं शिक्षकों ने दी बधाई

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




सीबीएसई बोर्ड के द्वारा आयोजित 12वीं बोर्ड की परीक्षा परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया। इसमें डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के सभी छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यालय की ओर से 12वीं की बोर्ड में शामिल सभी छात्र छात्राएं शत प्रतिशत सफल हुए। विज्ञान में मोहम्मद अल्तमश रजा 93.4%, आर्यन टोप्पो 86.6: , रौशन आलम 86% लाकर क्रमश प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया । कॉमर्स संकाय में मोनिता केसरी 90.2% ,आभा सिंह 89.6%, अंकित कुमार केसरी 82% ,शिखा कुमारी 82% प्राप्त कर क्रमश प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की ओर से परीक्षा में उपस्थित सभी छात्र–छात्राओं में से ज्यादातर ने 80% से भी ऊपर अंक प्राप्त किए । पेंटिंग में उच्चतम अंक 98 प्राप्त किया गया।सफल प्रतिभागियों को शुभकामना संदेश देते हुए विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि इन छात्र–छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के नाम के साथ साथ अपने माता–पिता का नाम भी रोशन किया है। उन्होंने उनके आगे के भविष्य के लिए मंगल कामना की। कहा कि सभी छात्र छात्राओं के अथक प्रयास के साथ–साथ उनके अभिभावकों का सहयोग, विद्यालय के कुशल शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं डीएवी के मार्गदर्शक के रूप में कार्यरत शीर्ष अधिकारियों के सहयोग का परिचायक है । बेहतर सफलता के लिए प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने नरसिंह शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, राजेश कुमार सिंह,लल्लन यादव,उमेश कुमार राणा , प्रहलाद कुमार, सुधीर कुमार,अभय कुमार पाठक, निखिल कुमार, वीरेंद्र तिवारी के प्रयासों की भूरी भूरी प्रशंसा की।

## विष्णुगढ़ के गझंडी में अनियंत्रित ट्रेलर के धक्के से घर पर गिरा बिजली का पोल

### बाल–बाल बचे परिजन, पुलिस ने वाहन को किया जब्त

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ के नरकी पंचायत के गझंडी में अनियंत्रित ट्रेलर के धक्के से एक घर में बिजली का पोल धराशायी होकर गिर पड़ा। जिससे घर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना बुधवार रात 11 बजे की है। बताया जाता है कि ट्रेलर विष्णुगढ़ से गोमियां की ओर जा रही थी। इसी दौरान तीखे मोड़ की वजह से वाहन अनियंत्रित होकर एक बिजली के पोल से जा टकराई। जिससे बिजली के तीन पोल टूटकर धराशायी हो गए। एक क्षतिग्रस्त पोल दिनेश मरांडी के खपरैल घर पर भी गिर पड़ा। घटना के समय परिवार के लोग घर पर सो रहे थे। संयोगवश किसी को चोटें नहीं आई, लेकिन खपरैल घर का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में तीन बिजली के पोल टूटने तथा तारों के क्षतिग्रस्त हो जाने से पूरे गांव में बिजली आपूर्ति बा. धित हो गई है। ग्रामीणों की सूचना पर विष्णुगढ़ पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है। इधर, जदयू पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष रामलाल सोरेन समेत ग्रामीणों ने दिनेश मरांडी के क्षतिग्रस्त हुए घर की आर्थिक भारपाई तथा टूटे हुए बिजली पोल तथा तार को अविलंब दुरुस्त कर बिजली बहाल करने की मांग की है।



## डिवाइन के छात्रों का 12वीं में शानदार रिजल्ट

**अपेम लाइव : बरकटठ्
सुनील कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई के 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है।विद्यालय रिजल्ट इस बार भी शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के कुंदन कुमार 90.2% लाकर टॉपर रहे।वही शिवम कुमार 89% लाकर दूसरे व शिवम कुमार 87.6% लाकर तीसरे स्थान पर रहे आशीष कुमार 87.4% लाकर चौथे स्थान पर रहे द्यआरव रंजन84.8% ,सत्यम कुमार 83.6%, सुमित कुमार कुमार 81. 6%,साहिना परवीन 80%,ज़ीशान सफी 82. 6%, पंकज कुमार 79%, आरव सिन्हा 77%,संगम कुमार 77.8%,रूही फात्मा 71.6%,सिद्धार्थ राय 75. 4%,बुशरा जबीन 75. 4%तनु कुमारी 70.2% अंशु रानी 71.6%, प्रियांशु कुमर71.8%,वरुण कुमार 73:,सागर कुमार 71.2% पूजा रानी 68.2% अंक प्राप्त किया।विद्यालय निर्देशक आई. पी भारती ने इस सफलता का श्रेय बच्चों,उनके अभिभावकों व शिक्षकों की मेहनत को दी।डिवाइन प्रबंधन समिति ने भी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## जनसेवकों के हड़ताल से कई कामो पर पड़ रहा है प्रतिकूल प्रभाव

**अपेम लाइव : लातेहार
नीरज सिन्हा**



लातेहार : जनसेवक अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर है। जिसकी वजह से कई कार्य प्रभावित हो गये हैं। राशन कार्ड , वृद्धा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, कृषि ऋण माफी, मिट्टी जांच समेत कई कार्य प्रभावित हो रहा है।वहीँ शुक्रवार को भी जनसेवकों ने समाहरणालय के समीप धरना दिया।इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामनाथ यादव ने कहा कि अगर सरकार संघ की मांगों को नहीं मानी तो आंदोलन जारी रहेगा।. उन्होंने कहा कि यह सरकार का कैसा इंसाफ है. वर्ष 2012 में कृषि व गन्ना विकास विभाग द्वारा 1,836 जनसेवकों की बहाली 2400 ग्रेड पे पर की गई थी।अब जब प्रमोशन और एमएसीपी का समय आया तो जनसेवकों का ग्रेड पे 2400 से घटाकर 2000 कर दिया गया।वहीँ लव कुमार पा. सवान व रघुनंदन राम ने 2012 में बहाल सभी जनसेवकों को एमएसीपी का लाभ देने व राज्य वरीयता सूची प्रकाशित करने और ग्रेड-पे 4200 करने की मांग की है।धरना में रामनाथ यादव, लव कुमार पासवान, रघुनंदन राम, प्रकाश कुमार, सुजाता कुमारी,रीना कुमारी, स्नेह लता टोप्पो, अनिता कुमारी, संकेत सत्यम, संजय मिंज, प्रभात भगत, साकेत कुमार, देवलाल राम, अरविंद रोशन गृद्धा, चंदन कुमार, राहुल रंजन, रामसागर राम, संतोष उरांव, अरविंद रवि, समीन सुमन, अंकित एक्का, नारायण भोक्ता, सूरज कुमार, राकेश रौशन कुजूर, समीर सुमन, सर्वेश सिंह, सत्येंद्र उरांव, अर्पण तिग्गा, उमेश कुजूर, विल्सन लकड़ा, श्याम सागर पांडेय, राजेश कुमार व सूर्य प्रकाश समेत कई जनसेवक शामिल थे।

## सीबीएसई बारहवीं बोर्ड में सुरेखा पब्लिक का शानदार प्रदर्शन, आरव राज बने स्कूल टॉपर

**अपेम लाइवः चौपारण
किशेर राणा**



सीबीएसई बारहवीं बोर्ड का रिजल्ट शुक्रवार को जारी हुआ । जिसमें प्रखण्ड के नवभारत जागृति केन्द्र द्वारा संचालित सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल , बहेरा का शानदार प्रदर्शन रहा। इस सम्बंध विद्यालय की प्राचार्या रीना पांडेय ने बताया कि विद्यालय के आरव राज 92% अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रौशन किया। विद्यालय से 12 वीं बोर्ड में कुल 68 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे ।जिसमें 48 छात्र छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय का रिजल्ट 95% रहा। टॉप बीस छात्र छात्राओं ने 80% से उपर अंक प्राप्त किए। जिसमें आरव राज 92%:, आमिर राजा 91%, गौरव कुमार 91%, रोशनी , हव :, अभिनव राज 90% , अंशकुमार 89%, शिवम कुमार 89% प्रत्युश कुमार 89%, अभिजित 88% पवन 88%, अंकित अनंत 85%,रंजीत 85%, अनुकुल चन्द 85% , मानसी राज 84%, सोहाई 84% परमानन्द 83%, अंकित 82% और हिमांशु राज 81% प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सीबीएसई बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन के लिए विद्यालय के सचिव गिरीजा सतीश एवं अध्यक्ष सतीश गिरिजा ने छात्र- छात्राओं को बधाई दी। प्रबन्धक गन्धर्द गौरव ने विद्यालय के बेहतर रिजल्ट पर उत्तीर्ण छात्र- छात्राओं को बधाई दी एवं शिक्षकों को ढेर सारी शुभकामनाएँ दी। प्राचार्या रीना पाण्डेय ने विद्यालय के उत्तीर्ण क्षेत्र - छात्राओं को बेहतर अंक प्राप्त करने वालों से उनके मेहनत एवं लगन की सराहना की। साथ ही कहा कि शिक्षकों के मेहनत, सही दिशा निर्देश एवं अनुशासन ही बेहतर रिजल्ट लाने में अहम भूमिका दिलाई है। सभी शिक्षकों को ढेर सारी शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद भी दिया। भविष्य में और भी बेहतर करने की कामना की ।अभिभावको के सहयोग के लिए भी विद्यालय की प्राचार्या ने सराहना की ।

## जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : लातेहार
नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।बैठक में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को नियमित रूप से जांच अभियान चलाने वह किसी भी तरह के अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।जिलांतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण, जांच, रॉयल्टी संग्रहण, आदि की गहन समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलग्न व्यक्तियों पर दर्ज प्राथमिकी की संख्या के बारे में जानकारी लेते हुए कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। जिला परिवहन पदाधिकारी को नियमित रूप से अवैध खनिजों के परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान चलाने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने परियोजनावार महाप्रबंधकों व प्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र में अवैध खनन की रोक थाम के लिए पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निदेश दिया ।बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, अंचल अधिकारी, कोल कंपनियों के अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी जुड़े थे ।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## विष्णुगढ़ में भाजयुमो द्वारा वाई20 चौपाल का किया गया आयोजन

### आने वाला समय शिक्षा और रोजगार का आधार तकनीकी शिक्षा होगा : अभिनव प्रकाश

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



भाजयुमो द्वारा शुक्रवार को विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय सभागार में वाई20 चौपाल कार्यक्रम किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजयुमो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिनव प्रकाश ने कहा कि जी20 की तर्ज पर देश में वाई20 किया जा रहा है। जी20 की अध्यक्षता कर भारत पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन और अर्थव्यवस्था संतुलन का नेतृत्व कर रहा हैं। वहीं, वाई20 में देश के युवाओं के साथ विभिन्न विषयों पर मंथन किया जा रहा है। कहा कि युवाओं में आज के दौर में स्किल डेवलपमेंट की आवश्यकता है। तकनीकी शिक्षा के बिना हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। आने वाला समय शिक्षा और रोजगार का आधार तकनीकी शिक्षा होगा। उन्होंने झारखंड की आबोहवा की तारीफ करते हुए कहा कि झारखंड प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध हरा भरा प्रदेश है। जंगलों की अवैध कटाई रोकनी होगी। जलवायु परिवर्तन का असर अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। चौपाल के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय योजनाओं पर अनगिनत कसीदे गढ़े। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार एवं अफसरशाही चरम पर है। प्रधानमंत्री के संकल्प से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा रहा है। युवाओं को राष्ट्रभक्ति की भावना में केंद्रित रहकर राष्ट्र सेवा में लगे रहना चाहिए। चाणक्या आईएएस एकेडमी के निदेशक रीमा मिश्रा ने कहा कि पूरी दुनिया शांति चाहता है और भारत प्राचीन काल से पूरी दुनिया को शांति का पाठ पढ़ाते आया है। इसे बचाए रखना युवाओं का दायित्व है। शिक्षा संस्कारयुक्त होनी चाहिए। लोगों को फिल्म द केरल स्टोरी को देखकर उसके मर्म को समझते हुए अपने धर्म और संस्कृति को आगे बढ़ाना चाहिए। चौपाल से पूर्व स्व. टेकलाल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष हीरामन महतो तथा संचालन गुरु प्रसाद साव ने किया। मौके पर भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, जिलाध्यक्ष विकास सिंह, संतोष कुमार महतो, मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मडंल, नारायण महतो, भाजयुमो अध्यक्ष गोविंद महतो, संजय महतो, महेंद्र कुमार महतो, तुलसी सिंह, रविंद्रनाथ पांडेय, सेवा महतो, वीरेंद्र कुमार, सतीश पटेल, दिनेश मंडल, राजेश साव, तुलसी महतो, राजेश कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बड़कागांव में प्लास्टिक के विरुद्ध निकाली गई जागरूकता रैली




**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : प्लास्टिक हटाओ स्वच्छता अपनाओ अभियान को सफल बनाने के लिए बड़कागॉव प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में जागरूकता रैली निकाली गई। मध्य पंचायत बड़कागांव के मुखिया तकरीमूला खान, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, आदर्श मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार और प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष राम के नेतृत्व में आदर्श मध्य विद्यालय द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। मध्य पंचायत के मुखिया तकरीमुल्लाह खान ने कहा कि प्लास्टिक हमारे भूमि एवं जल को प्रदूषित करता है, प्लास्टिक में टॉक्सिन नामक पदार्थ पाया जाता है, जिससे अस्थमा रोग एवं कैंसर पकड़ता है, इसलिए मैं सभी लोगों से आग्रह करता हूं कि प्लास्टिक के बोतल, प्लेट एवं पॉलिथीन प्रयोग ना करें। पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर ने कहा कि प्लास्टिक में खाद्य पदार्थ लाने से लोगों का लीवर खराब हो होता है। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष राम ने कहा कि प्लास्टिक में या पॉलिथीन में किसी भी प्रकार के खाद्य पदार्थ का प्रयोग ना करें और ना ही प्लास्टिक के बोतल से पानी पिए। प्लास्टिक के विरुद्ध जागरूकता रैली आदर्श मध्य विद्यालय से शुरू होकर बड़कागांव मुख्य चौक होते हुए डेली मार्केट अंबेडकर मोहल्ला आदि गली मोहल्ला मैं निकाला गया। जागरूकता रैली में सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल थे। रैली में सभी छात्र-छात्राएं गंदगी को दूर भगाना है, स्वच्छता को अपनाना है.प्लास्टिक को हटाना है, बीमारियों से बचना है आदि नारे लगा रहे थे। रैली में शिक्षक विनोद रजक, दीपक राणा, हेमेंद्र कुमार, मुनेश कुमार राम, राम वृक्ष राम, रवि कुमार रवि, राजू कुमार, देवेंद्र कुमार, वार्ड सदस्य लीलावती देवी, संजय कुमार रॉय, शिक्षिका शकुंतला कुमारी, देवनाथ कुमार समेत अन्य शामिल थे।

## श्री धरम क्लासेस के बच्चों ने दशवीं परीक्षा में मचाया धमाल

### रांची के श्रेष्ठ शिक्षकों के साथ सतीश सर की मेहनत ला रही रंग



Abhijeet kumar

Sanni kumar

Shweta kumari

Nitin kumar yadav

Manisha kumari (Arushi)



Siddhant kumar

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

चौथी रोड में स्थापित श्री धरम क्लासेस के छात्रों ने दशवीं की परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर संस्थान, क्षेत्र और अभिभावकों का नाम रोशन किया है। सतीश सिंह द्वारा संचालित श्री धरम क्लासेस के छात्र सन्नी कुमार ने गणित में सौ प्रतिशत अंक लाकर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। वह सुरेखा प्रकाश भाई विधालय का छात्र है। उसने विज्ञान में भी 95 अंक लाये। सन्नी को कुल 94 प्रतिशत अंक मिले। संस्थान की संजीवनी शेखर ने भी विज्ञान में 97 और गणित में 96 अंक लाकर कुल 93 प्रतिशत अंक लाकर संस्थान का मान बढ़ाया। इसी प्रकार अभि. जीत कुमार ने विज्ञान में 95 तथा गणित में 97 अंक लाकर कुल 92 प्रतिशत अंक लाये। श्वेता कुमारी ने विज्ञान में 85, गणित में 94 नंबर लाये। उसने कुल87 प्रतिशत अंक अर्जित किये। सिद्धांत ने गणित में 80, विज्ञान में 89 अंक लाकर कुल85 प्रतिशत अंक लाये। मनीषा ने विज्ञान में 86 तथा गणित में 88 नंबर सहित कुल 83 प्रतिशत अंक लाये। नीतिन यादव ने विज्ञान में 75 तथा गणित में 86 अंक सहित कुल 81 प्रतिशत अंक लाये। आर्यन वर्मा ने विज्ञान में 91 तथा गणित में 79 अंक सहित 80 प्रतिशत अंक लाकर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं संस्थान के सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इनमें रिशव कुमार, विवेक कुमार, अभिराज कुमार,सुजल कुमार, शिशिर कुमार, सिम्मी कुमारी ,पायल कुमारी, सृष्टि कुमारी सहित सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विशेषकर गणित और विज्ञान में बहुत बेहतर अंक लाकर संस्थान का मान बढ़ाया है। इस बात की जानकारी देते हुए श्रीधरम क्लासेस के संचालक सतीश सिंह ने बताया कि बीते साल से बच्चों को बेहतर करने के काफी मेहनत की गई है। रांची से श्रेष्ठ शिक्षकों की टीम काम कर रही है। इसमें एजाज सर, इजहार सर, आकाश सर, निसार सर और विकास सर काफी मेहनत कर रहे हैं। आने वाले समय में संस्थान और बेहतर प्रदर्शन करेगी। संस्थान में एलकेजी से लेकर दशवीं तक की कोचिंग तथा ग्यारहवीं तथा बारहवीं की शिक्षा ली जा रही है। संस्थान के बेहतर प्रदर्शन पर अभिभावकों ने काफी खुशी व्यक्त की है

## शत-प्रतिशत रहा नेतरहाट आवासीय विद्यालय का परीक्षाफल

### विज्ञान में नैका नंदिनी को सर्वाधिक 93 प्रतिशत अंक कला में विशाल सोनी को 97.4 प्रतिशत


VISHAL SONI
10-12-2021

NAIKA NANDINI
10-12-2021


**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : इन्टरमिडीएट 2023 का परीक्षाफल सीबीएसई द्वारा जारी किया गया। इस वर्ष इंटरमिडीएट में नेतरहाट आवासीय विद्यालय के कुल 68 परीक्षार्थी भाग लिए थे, जिसमे से विज्ञान संकाय में 54 एवं कला संकाय में 14 परीक्षार्थी थे । विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा । विज्ञान में नैका नंदिनी को सर्वाधिक 93 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए वहीं कला में चि0 विशाल सोनी को अधिकतम 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ । कला का यह प्रतिशत विद्यालय के लिए एतिहासिक रहा है ।भूगोल में 14, राजनीति विज्ञान में 06, अंग्रेजी में 34, अर्थशास्त्र में 05, शारीरिक शिक्षा में 45, इतिहास में 04 एवं हिन्दी में 01, संगीत में 05 एवं गणित में 11, भौतिकी में 28, रसायन शास्त्र में 15, जीव विज्ञान में 07, कंप्यूटर में 10 एवं कृषि में 01 छात्रों ने विशिष्टता प्राप्त किया ।इस वर्ष कला का परीक्षाफल अबतक का एतिहासिक परीक्षाफल रहा है। परीक्षाफल के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार सिंह ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के कामना करते हुए विद्यालय परिवार को शुभकामना एवं बधाई दी। साथ ही विद्यालय के वरीयतम शिक्षक सह विभागाध्यक्ष (अर्थशास्त्र) डॉ प्रसाद पासवान ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर समस्त छात्रों को मंगलकामना व्यक्त करते हुए समस् विद्यालय परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार
सहयोगी: सोनू पंडित,
एडिटिंग- सोनू पंडित
मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार